उपयोग के नियम और शर्तें

क्लिक वॉलेट इस्तेमाल करने से पहले कृपया इन शर्तों को ध्यान से पढ़ और स्वीकार कर लीजिए।

"क्लिक वॉलेट", "हम" तथा "हम सब" शब्दों का संदर्भ LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, भारत के कानूनों के अंतर्गत निगमित एक कंपनी से है, जिसका पंजीकृत कार्यालय बी-206, सुप्रीम बिज़नेस पार्क, हीरानन्दानी गार्डेन्स, पवई, मुंबई-400076 में है।

"आप", "आपका" अथवा "आपके" शब्दों का संदर्भ क्लिक वॉलेट इस्तेमाल करने वाले खाताधारक से है। जिन शर्तों / शब्दों को यहाँ परिभाषित नहीं किया गया है उनका वही अर्थ होगा जैसा कि LivQuik इस्तेमाल करने के लिए नियमों तथा शर्तों में परिभाषित है।

ये सेवाओं की शर्तें (न कि उनके टीओएस) अनुपूरक हैं और उनके अतिरिक्त हैं, न कि LivQuik के लागू नियम और शर्तों के उल्लंघन में, तथा ये भारतीय रिज़र्व बैंक ("आरबीआई") प्रीपेड भुगतान इन्स्ट्रूमेंट्स (पीपीआई) के लिए नियमों से शासित रहेंगी।

ये नियम व शर्तें क्लिक वॉलेट से जुड़े सभी ट्रैन्सैक्शन्स पर लागू होंगी तथा क्लिक वॉलेट और LivQuik के बीच एक करार बनाएँगी जिसके अनुसार क्लिक वॉलेट को LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ज़ारी किया जाएगा।

इन नियमों और शर्तों के संदर्भ में:

- सभी एकवचन संदर्भों में बहुवचन शामिल होंगे तथा पुल्लिंग में स्त्रीलिंग शामिल होगा।
- उपनियम शीर्षक केवल सुविधा के लिए हैं तथा संबंधित उपनियम के अर्थ पर कोई प्रभाव नहीं डालते हैं।
- यदि यहाँ दिए गए किसी भी प्रावधान को किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा अवैध, व्यर्थ अथवा अप्रवर्तनीय माना जाता है तब वह प्रावधान यहाँ से हटाया गया माना जाएगा तथा शेष नियम एवं शर्तें प्रचलित और प्रभावी मानी जाती रहेंगी।

1. परिभाषाएँ

इस दस्तावेज़ में, निम्न शब्दों और उक्तियों का निम्न अर्थ होगा:

- "LivQuik", "हम" तथा "हम सब" शब्दों का संदर्भ LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, भारत के कानूनों के अंतर्गत निगमित एक कंपनी से है, जिसका पंजीकृत कार्यालय बी-206, सुप्रीम बिज़नेस पार्क, हीरानन्दानी गार्डेन्स, पवई, मुंबई-400076 में है और इसमें उसके उत्तराधिकारी तथा असाइनर शामिल हैं।

- "LivQuik"/"PPI Issuer" का अर्थ होगा LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, अर्थात क्लिक वॉलेट के स्वामी।
- क्लिक वॉलेट के संदर्भ में "Applicant" का अर्थ होगा वह व्यक्ति जो LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड से क्लिक वॉलेट खाते के लिए आवेदन करता है और उसे प्राप्त करता है।
- "क्लिक वॉलेट खाते" का अर्थ होगा आवेदक के नाम से खुला खाता जिसे LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यहाँ बताई गई शर्तों एवं नियमों के अनुसार खाते के उपयोग में लाने के लिए अनुरक्षित किया जाता है।
- "क्लिक वॉलेट खाता धारक / खाता धारक" का अर्थ है वह व्यक्ति या संस्था जिसने माल की खरीद, सेवाओं तथा अंतरण के लिए क्लिक वॉलेट खाते को हासिल किया है।

- "क्विक वॉलेट" का अर्थ होगा यहाँ दी गई शर्तों के अनुसार LivQuik द्वारा क्विक वॉलेट खाते को ज़ारी किया गया प्रीपेड इंस्ट्रूमेंट। इससे इस प्रकार के इन्स्ट्रूमेंट्स में स्टोर किए गए मूल्य से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद तथा अंतरण में सुविधा होती है।
- "एंटरप्राइज़" का अर्थ होगा कोई कंपनी, साझेदारी फ़र्म तथा / या एकल स्वामित्व वाली फ़र्म जो अपने कर्मचारियों / परामर्शदाताओं / वितरकों, जैसा भी मामला हो, के लिए LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड प्रदत्त क्विक वॉलेट की सुविधा का उपयोग करने की इच्छुक है।
- "Merchant" का अर्थ है वह प्रतिष्ठान जिसकी LivQuik अथवा LivQuik के कार्ड नेटवर्क्स के साथ Merchant द्वारा क्विक वॉलेट खाता धारक को माल और सेवाओं के लिए प्रतिफल का भुगतान करने को क्विक वॉलेट को स्वीकार करने तथा ऑनर करने की कोई व्यवस्था है। व्यवसाय में अन्य के अतिरिक्त शामिल होंगे, स्टोर, दुकानें, रेस्टोरेंट, यातायात संगठन, जैसा कि समय-समय पर LivQuik द्वारा विज्ञापित किया गया हो।
- क्विक वॉलेट खाते के संबंध में "उपलब्ध राशि" का अर्थ होगा, किसी समय पर क्विक वॉलेट खाताधारक के पास इस्तेमाल के लिए उपलब्ध राशि, जो कि वह राशि(यां) होगी(होंगी) जो क्विक वॉलेट में जमा की गई होगी तथा जिसमें से घटी होगी (a) क्विक वॉलेट का इस्तेमाल कर ट्रेन्सैक्शन्स के लिए इस्तेमाल की गई राशि(यां) तथा (b) शुल्क, मूल्य तथा व्यय जो LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रभारित किए गए होंगे।
- "पासवर्ड" का अर्थ होगा वह वांछित अल्फानयूमेरिक स्ट्रिंग जो मोबाइल पर या LivQuik द्वारा आवंटित या समय-समय पर क्विक वॉलेट खाताधारक द्वारा चुने गए वेब प्लेटफॉर्म पर क्विक वॉलेट का इस्तेमाल करने के लिए प्रमाणीकरण हेतु आवश्यक होगी।
- "ट्रेन्सैक्शन" का अर्थ होगा कोई निर्देश या इन्क्वायरी या सम्प्रेषण जैसा कि LivQuik के रिकॉर्ड्स में प्रदर्शित हो रहा हो, जिसे क्विक वॉलेट खाताधारक ने क्विक वॉलेट का इस्तेमाल कर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से LivQuik को किसी ट्रेन्सैक्शन को प्रभावी बनाने के लिए, चाहे मोबाइल द्वारा या LivQuik की किसी अन्य डिवाइस द्वारा या LivQuik के साझा किए गए नेटवर्क द्वारा दिया हो।
- कार्ड में प्रस्तावित सेवाओं के लिए लागू शुल्क का विवरण "टैरिफ़ अनुलग्नक" में संदर्भित होता है। ये शुल्क LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के विवेक के पूर्णतया अधीन परिवर्तनीय है। हालांकि, शुल्क में ऐसे परिवर्तन क्विक वॉलेट खाताधारक को पहले से नोटिस दे कर केवल भावी प्रभाव से किए जा सकते हैं।
- "एस्क्रो खाता" ग्राहकों के फंड्स की सुरक्षा के लिए LivQuik ने सुनिश्चित किया है कि उसे किसी बैंक के एस्क्रो अकाउंट में ट्रांसफ़र कर दिया जाएगा जहां पर LivQuik उस अकाउंट को केवल व्यापारियों के साथ या अंतरण प्राप्त करने वालों के साथ फंड्स को सेटल करने के लिए ही ऑपरेट कर पाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि यदि LivQuik द्वारा डिफॉल्ट हो तब भी फंड्स सुरक्षित रहें तथा ग्राहक उनके लिए उपयुक्त सबूत, जैसा कि बैंक द्वारा उचित समझा जाए, प्रस्तुत कर दावा कर सकता है।
- "अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी)" में संदर्भ है विभिन्न मानदंडों, नियमों, कानूनों तथा अधिनियमों का जिन्हें समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा ज़ारी किया गया है जिसके अंतर्गत किसी भी सेवा को डेलीवर करने से पहले LivQuik के लिए आपसे व्यक्तिगत पहचान विवरण प्राप्त करना आवश्यक है।
- "ऑफर(र्स)" वाउचर, कूपन, छूट या कोई भी अन्य मूल्यवान वस्तु जिसे किसी सहभागी व्यवसाय के पास रिडीम किया जा सकता हो।

2. क्विक वॉलेट के लिए आवेदन

क्विक वॉलेट प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति को उसके ऑनलाइन या मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म अथवा तृतीय पक्ष मर्चेन्ट प्लेटफ़ॉर्म का इस्तेमाल करके तथा क्विक वॉलेट के उपयोग के लिए निर्धारित नियम एवं शर्तों को स्वीकार करके, LivQuik को आवेदन करना चाहिए।

LivQuik के पास यह अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए, किसी भी आवेदन पर विचार करने से इन्कार कर दे।

3. पात्रता तथा खाता पंजीकरण

- आपको सेवाएँ भारत में ही इस्तेमाल करनी चाहिए। यदि आप अवयस्क हैं, आपका PPI आपके नैचुरल / कानूनी अभिभावकों के जरिए से खोला जाना चाहिए।
- ऐसे ग्राहकों के मामले में, जिनका अकाउंट तब खोला गया था जब वे अवयस्क थे, उनके वयस्कता प्राप्त करने पर, LivQuik द्वारा उनका हाल का फ़ोटोग्राफ़ प्राप्त किया जाएगा तथा उस समय यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि वर्तमान CDD मानकों के अनुसार उन के ग्राहक सम्यक् तत्प रता (CDD) डॉक्युमेंट्स भी LivQuik के पास उपलब्ध हों। जहां भी आवश्यक को LivQuik द्वारा ऐसे ग्राहकों का अर्थात ग्राहक जिनका अकाउंट तब खुला था जब वे अवयस्क थे, उनके वयस्कता प्राप्त करने पर, ताज़ा KYC भी करवाना चाहिए।
- अकाउंट को पंजीकृत कराने, बनाने, तथा इस्तेमाल करने के लिए LivQuik को निम्न सहित, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं, आपकी कुछ व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करने की आवश्यकता हो सकती है जैसे कि नाम, मोबाइल फ़ोन नंबर, ईमेल एड्रेस, जन्म तिथि, युनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर (यूआइएन) जो आपको LivQuik को देनी हो सकती है। पंजीकरण के दौरान अथवा जब आप किसी फ़ोन द्वारा क्विक वॉलेट मोबाइल एप्लिकेशन को एक्सेस करते हैं, तब आपके फ़ोन की डिवाइस की आइ डी स्टोर की जा सकती है। आप सहमत हैं कि जो भी व्यक्तिगत जानकारी आप पंजीकरण के दौरान तथा अन्य सभी समयों पर कंपनी को उपलब्ध कराएंगे वह सत्य, सही, वर्तमान और पूर्ण होगी।आप सहमत हैं कि इस निजी जानकारी को बनाए रखेंगे तथा अपडेट करेंगे ताकि निजी जानकारी सत्य, सही, वर्तमान तथा सम्पूर्ण रहे।

- आप यहाँ LivQuik को अधिकृत करते हैं, कि वह सीधे अथवा तृतीय पक्ष के जरिए, आपकी पहचान की पुष्टि करने के लिए तथा / या आपकी पहचान और खाते की जानकारी को प्रमाणित करने के कुछ भी ऐसी जांच पड़ताल करे जिसे हम आवश्यक समझते हैं। अन्य चीज़ों के अतिरिक्त इसमें शामिल हो सकता है आपसे आपके खाता इस्तेमाल करने अथवा पहचान के संबंध में और अधिक जानकारी तथा / या दस्तावेज़ मांगना या अपनी पहचान की पुष्टि करने के लिए केवाईसी दस्तावेज़ों, ईमेल एड्रेस के स्वामित्व, टेलीफ़ोन नंबर या वित्तीय इन्स्ट्रूमेंट्स को मांगना। यह प्रक्रिया आंतरिक सत्यापन उद्देश्य से है।

4.पहचान प्रमाणीकरण

आप यहाँ ऐसी कोई भी जांच पड़ताल करने के लिए LivQuik को अधिकृत करते हैं, सीधे या तृतीय पक्ष के ज़रिए, जिसे हम आपकी पहचान की पुष्टि तथा / या आपकी पहचान तथा खाते की जानकारी के प्रमाणीकरण के लिए आवश्यक समझते हों। अन्य चीज़ों के अतिरिक्त इसमें शामिल हो सकता है, आपसे आपके खाता इस्तेमाल करने अथवा पहचान के संबंध में और अधिक जानकारी तथा / या दस्तावेज़ मांगना या अपनी पहचान की पुष्टि करने के लिए केवाईसी दस्तावेज़ों, ईमेल एड्रेस के स्वामित्व, टेलीफ़ोन नंबर या वित्तीय इन्स्ट्रूमेंट्स को मांगना। यह प्रक्रिया आंतरिक सत्यापन उद्देश्य से है।

5. क्विक वॉलेट सुरक्षा

- क्विक वॉलेट खाता धारक, क्विक वॉलेट खाते के लिए उत्तरदायी होगा तथा क्विक वॉलेट को सुरक्षित रखने तथा क्विक वॉलेट के अधिकृत इस्तेमाल के लिए सभी कदम सुनिश्चित करेगा।
- LivQuik द्वारा शुरू में ग्राहक के क्विक वॉलेट खाते की सुरक्षा के लिए ग्राहक से एक पासवर्ड जनरेट करने के लिए कहा जाएगा।
- पासवर्ड को केवल तभी एंटर किया जाना चाहिए जबकि LivQuik द्वारा या तृतीय पक्ष प्लेटफ़ॉर्म्स द्वारा क्विक वॉलेट ट्रैन्सैक्शन की पुष्टि के लिए प्रॉम्प्ट किया जाए।

- क्विक वॉलेट खाताधारक पासवर्ड को किसी को ज़बानी, या लिख कर नहीं बताएगा और न ही उसे कहीं दूसरी जगह रिकॉर्ड करेगा।

- पासवर्ड की सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है तथा ऊपर दिए गए किसी भी उल्लंघन को क्विक वॉलेट का अनाधिकृत इस्तेमाल माना जाएगा जिस इस्तेमाल के लिए LivQuik की किसी प्रकार की देयता नहीं होगी।

- क्विक वॉलेट खाता अहस्तांतरणीय है।

6. क्विक वॉलेट जमा/लोड करना

- वह राशि जो क्विक वॉलेट खाते में जमा की जा सकती है वह भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा स्थापित नीतियों द्वारा शासित होती है। इनमें शामिल हैं मासिक सीमाएँ, ट्रैन्सैक्शन सीमाएँ और साथ ही खाते में बैलेंस।

- आरबीआई के दिशानिर्देशोंके साथ ही, LivQuik अपने विवेक से, आपके द्वारा खाते में जमा की जाने वाली राशि पर और भी सीमाएँ लागू कर सकता है। सीमाओं पर और अधिक विवरण पाने के लिए हमारे एफ़एक्यू देखिए। अगर हमने आपकी पहचान प्रमाणीकृत कर दी है, तब हम आपकी जमा सीमा बढ़ा सकते हैं। ये सीमाएँ केवल LivQuik के विवेकानुसार समय-समय पर परिवर्तित की जा सकती हैं।

- क्विक वॉलेट खाताधारक अपने खाते में धनराशि जमा करने के लिए अनेक फंडिंग स्त्रोतों का इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि केवल इन्हीं तक सीमित नहीं, ये स्त्रोत हो सकते हैं क्रेडिट कार्ड्स, डेबिट कार्ड्स, नेट बैंकिंग, तथा अन्य क्विक वॉलेट खाते से अंतरण।

- जोखिम प्रबंधन के उद्देश्य से, किसी विशेष ट्रैन्सैक्शन को फ़ंड करने के लिए LivQuik आपके उपयोग के लिए उपलब्ध फंडिंग स्त्रोतों सीमित कर सकता है। उदाहरण के लिए, हो सकता है हम आपके किसी विशेष ट्रैन्सैक्शन को डेबिट कार्ड्स अथवा आपके नेट बैंकिंग खाते तक सीमित कर दें।
- प्रत्येक फंडिंग स्त्रोत के लिए भिन्न विवाद समाधान व्यवस्था होगी और यदि आपका ट्रैन्सैक्शन असंतोषजनक होगा तब उसी सम्बद्ध व्यवस्था का अनुपालन किया जाएगा।

- उच्च जोखिम तथा धोखाधड़ी वाले ट्रैन्सैक्शन्स को मॉनिटर करने के लिए LivQuik आपके द्वारा अपने क्विक वॉलेट खाते में किए गए प्रत्येक जमा को मॉनिटर करेगा। अगर आपके जमा को उच्च-जोखिम ट्रैन्सैक्शन के रूप में श्रेणीबद्ध किया जाएगा अथवा वह संदिग्ध धोखाधड़ी होगा, तब LivQuik उस जमा पर होल्ड लगा देगा और आपसे स्वयं के संबंध में तथा आपके फंडिंग के स्त्रोत के संबंध में और जानकारी मांग सकता है। LivQuik द्वारा एक पुनरीक्षण किया जाएगा तथा या तो जमा को क्लियर किया जाएगा या उसे रद्द कर दिया जाएगा। अगर जमा को क्लियर कर दिया जाएगा, LivQuik आपको नोटिफ़ाई करेगा और और आपके क्विक वॉलेट खाते को अपडेट कर देगा। अन्यथा, LivQuik उस जमा को रद्द कर देगा तथा वह फ़ंड LivQuik द्वारा ज़ब्त कर लिया जाएगा। कथित फ़ंड, स्त्रोत खाते के धारक द्वारा वैध मांग किए जाने पर केवल स्त्रोत खाते में प्रतिदेय है। अगर जमा को रद्द किया जाएगा तब LivQuik आपको ईमेल द्वारा तथा / अथवा आपके LivQuik खाते के अकाउंट हिस्टरी टैब में नोटिफ़ाई करेगा।

- जब आप कोई जमा करते हैं, तब आप LivQuik के प्रति जमा की सम्पूर्ण राशि के लिए और साथ ही किसी भी शुल्क के लिए, तथा यदि बाद में जमा किसी कारण से रद्द हो जाती है, उत्तरदाई होते हैं। इसका अर्थ है, किसी अन्य देयता के साथ, आप जमा की राशि, साथ ही लागू शुल्क के लिए उत्तरदाई होंगे यदि आप दावा या चार्जबैक गंवा देते हैं, या जमा का रिवर्सल हो जाता है। यदि किसी जमा के फंडिंग स्त्रोत का स्वामी बाद में विवाद खड़ा करता है या चार्जबैक के लिए दावा करता है, तब डेबिट या क्रेडिट कार्ड ज़ारी करने वाला या प्रवर्तक बैंक, न कि LivQuik, यह तय करेगा कि क्या वह विवाद वैध

है और भुगतान किसको देय है। आप अपने क्विक वॉलेट खाते के बैलेंस को डेबिट कर, किसी भी ऐसी राशि की वसूली के लिए जो LivQuik को देय हो, LivQuik को अनुमति देने को सहमत हैं। अगर आपकी देयता को कवर करने के लिए आपके खाते में अपर्याप्त धनराशि है, तब दूसरे साधनों से LivQuik को पुनर्भुगतान करने के लिए सहमत हैं। अगर LivQuik आपके प्राथमिक फंडिंग स्त्रोत से वसूली करने में अक्षम होता है, LivQuik आपसे संपर्क करने का प्रयास कर सकता है, LivQuik आपके वैकल्पिक फंडिंग स्त्रोतों से फंडस की वसूली कर सकता है, या देय राशि एकत्रित करने के लिए लागू कानून के अंतर्गत अनुमत सीमा तक अन्य विधिक कार्यवाहियाँ कर सकता है।

7. पूर्ण केवाईसी पीपीआई के फीचर्स / शर्तें:

यदि रु. 10,000 तक का न्यूनतम विवरण सेमी-क्लोज़्ड पीपीआई ग्राहक पूर्ण केवाईसी पीपीआई में अपग्रेड चाहता है, तब उसे आरबीआई के केवाईसी संबंधी मास्टर डायरेक्शनस के अनुसार पूर्ण केवाईसी को पूरा करने के बाद ऐसा करने की अनुमति दी जाएगी, जिसके बाद उसकी आउट्स्टैन्डिंग सीमा रु. 200,000 तक बढ़ जाएगी। यदि उसके उत्पाद को अपग्रेड कर दिया जाएगा तब नीचे उसकी शर्तें दी गई हैं:

1. ये पीपीआई प्रकृति के अनुसार पुनः लोड करने योग्य होंगे और कार्ड्स सहित, केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप में ज़ारी किए जाएंगे।

2. आउट्स्टैन्डिंग राशि किसी भी समय रु. 200,000 से अधिक नहीं होगी।

3. फंडस को ‘स्त्रोत को वापस’ (भुगतान स्त्रोत जहां पीपीआई को लोड किया गया था) या ‘पीपीआई धारक के अपने बैंक खाते को’ (ज़ारी करने वाले द्वारा विधिवत सत्यापित) अंतरित किया जा सकता है। हालांकि, पीपीआई धारक के जोखिम प्रोफ़ाइल, अन्य ऑपरेशनल जोखिम आदि को ध्यान में रख कर पीपीआई ज़ारीकर्त्ता, सीमाएँ निर्धारित करेगा।

4. पीपीआई ज़ारीकर्त्ता ‘पूर्व-पंजीकृत लाभार्थी’ सुविधा उपलब्ध करा सकता है जिसके द्वारा पीपीआई धारक लाभार्थियों को उनके बैंक खातों का विवरण, उसी ज़ारीकर्त्ता द्वारा (अथवा अन्य ज़ारीकर्त्ता द्वारा जब भी आरबीआई द्वारा अनुमत हो) ज़ारी किए गए पीपीआई के विवरण उपलब्ध करवा कर पंजीकृत करा सकता है।

5. ऐसे पूर्व पंजीकृत लाभार्थियों के मामले में, प्रति लाभार्थी, फ़ंड अंतरण सीमा रु. 200,00 प्रति माह से अधिक नहीं होगी। पीपीआई ज़ारीकर्त्ता, पीपीआई धारकों के जोखिम प्रोफ़ाइल, अन्य ऑपरेशनल जोखिम आदि को ध्यान में रखते हुए, इस उच्चतम सीमा के अंतर्गत सीमाएँ तय करेंगे।

6. अन्य सभी मामलों में फ़ंड अंतरण सीमा रु. 10,000 प्रति माह तक ही प्रतिबंधित रहेगी। ऐसे पीपीआईज़ से अन्य पीपीआईज़, डेबिट कार्ड्स, तथा क्रेडिट कार्ड्स में भी ऊपर दी गई सीमाओं के अनुसार फ़ंड अंतरण की अनुमति होगी।

7. पीपीआईज़ का इस्तेमाल कर वस्तुओं की खरीद के लिए अलग से कोई सीमा नहीं है तथा पीपीआई ज़ारीकर्त्ता कुल पीपीआई सीमा के अंदर इन प्रयोजनों के लिए सीमा निधारित कर सकता है।

8. पीपीआई ज़ारीकर्त्ता को पीपीआई धारकों को इन सीमाओं के संबंध में स्पष्ट संकेत देना चाहिए तथा साथ ही पीपीआई धारकों को अपनी फ़ंड अंतरण सीमा तय करने के लिए आवश्यक विकल्प उपलब्ध कराने चाहिए।

9. सभी चैनलों (एजेंट्स, एटीएम्स, पीओएस् डिवाइसेज आदि) पर रुपये 10,000/- की कुल मासिक सीमा के अंतर्गत रुपये 2,000/- प्रति ट्रैन्सैक्शन की अधिकतम सीमा तक नकदी विदड्रावल की अनुमति दी जाएगी;

10. इस प्रयोजन के लिए, पीपीआई ज़ारीकर्त्ता, पीपीआई ज़ारी करते समय भी, पीपीआई को बंद करने का और इस प्रकार के पीपीआई को लागू सीमा के अनुसार बैलेंस को अंतरित करने का विकल्प भी देगा। इस प्रयोजन के लिए, ज़ारीकर्त्ता, धारक को पूर्व-नामित बैंक या उसी ज़ारीकर्त्ता के अन्य पीपीआई (या अनुमति होने पर अन्य ज़ारीकर्त्ता) के विवरण उपलब्ध कराने का एक विकल्प उपलब्ध कराएगा जिनमें पीपीआई बंद होने की, ऐसे पीपीआइज़ की वैधता अवधि समाप्त होने की परिस्थिति आदि में, पीपीआई में मौजूद बैलेंस राशि का अंतरण किया जा सके।

11. ऐसे पीपीआइज़ के फीचर्स पीपीआई ज़ारी करते समय / फंडस को पहली बार लोड करने से पूर्व पीपीआई धारक को एसएमएस / ईमेल / डाक या किसे अन्य माध्यम द्वारा स्पष्ट रूप से संप्रेषित किए जाएंगे।

12. ऐसे पीपीआई 4 वर्ष की अवधि के लिए वैध होंगे।

8. रु. 10,000 तक के पीपीआइज़ (जिनमें कोई नकद लोड करने की सुविधा न हो) के फीचर्स जहां बैंक या क्रेडिट कार्ड्स या पूर्ण केवाईसी पीपीआई के जरिए से लोड करना अनुमत हो:

1. ऐसे पीपीआईज़ को पीपीआई ज़ारीकर्त्ता द्वारा पीपीआई धारक के निम्नलिखित न्यूनतम विवरण प्राप्त करने के बाद ज़ारी किया जाएगा:

a. वन टाइम पिन (ओटीपी) द्वारा मोबाइल नंबर सत्यापन तथा;

b. नाम तथा विशिष्ट पहचान / किसी 'अनिवार्य दस्तावेज़' जैसे पैन (पीएएन), पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, वॉटर पहचान पत्र, एनरेगा (NREGA) जॉब कार्ड, आधार नंबर पास में होने के सबूत का नंबर, और नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर द्वारा ज़ारी पत्र से पहचान संख्या की स्व-घोषणा।

2. ऐसे पीपीआई प्राकृतिक रूप से पुनः लोड किए जा सकने योग्य होंगे। लोड करना/पुनः लोड करना किसी बैंक अकाउंट/ क्रेडिट कार्ड/ पूर्ण-केवाईसी-पीपीआई द्वारा होगा।

3. किसी भी महीने में इन पीपीआईज़ में लोड की गई राशि रु. 10,000 से अधिक नहीं होगी तथा एक वित्तीय वर्ष में लोड की गई कुल राशि रु. 120,000 से अधिक नहीं होगी।

4. ऐसे पीपीआईज़ में किसी भी समय आउटस्टैन्डिंग रु. 10,000 से अधिक नहीं होगी।

5. इन पीपीआईज़ का उपयोग केवल वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के लिए होगा तथा फंडस अंतरण के लिए नहीं होगा।

6. पीपीआई ज़ारीकर्त्ता किसी भी समय पीपीआई बंद करने का विकल्प उपलब्ध कराएगा और बंद करने के समय फंडस को 'स्रोत पर वापस' (भुगतान का स्रोत जहां पीपीआई को लोड किया था) अंतरित करने की अनुमति देगा। अन्यथा, पीपीआई धारक की केवाईसी आवश्यकताओं का अनुपालन करने के उपरांत समापन आगम को बैंक खाते में अंतरित किया जा सकता है।

7. ऐसे पीपीआईज़ के फीचर्स को पीपीआई धारक को एसएमएस / ईमेल / डाक या किसी भी अन्य तरीके से पीपीआई ज़ारी करते समय / फंडस की पहली लोडिंग से पूर्व स्पष्ट रूप से संप्रेषित किया जाएगा।

8. ऐसा पीपीआई कम से कम 1 वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा।

9. क्विक वॉलेट का इस्तेमाल कर भुगतान और रीफण्ड

- क्विक वॉलेट खाता धारक, उपलब्ध राशि का उपयोग व्यवसाय द्वारा उपलब्ध कराई गई वस्तुओं तथा सेवाओं के लिए व्यवसाय को भुगतान करने हेतु चुन सकता है।

- वे व्यवसाय जो भुगतान के रूप में क्विक वॉलेट को स्वीकार करते हैं, LivQuik द्वारा अनुमोदित किए जाएंगे और व्यवसायों की सूची समय-समय पर क्विक वॉलेट खाता धारकों को विज्ञापित की जाएगी। व्यवसायों की सूची में क्विक वॉलेट खाता धारकों को सूचना दिए बिना कभी भी संशोधन किया जा सकता है।

- यदि क्विक वॉलेट खाताधारक व्यवसाय द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाओं से असन्तुष्ट होता है या उसे व्यवसाय द्वारा वादा किया हुआ माल नहीं प्राप्त होता तब खाताधारक पहले संबंधित व्यवसाय के साथ शिकायत खड़ी कर और उसका समाधान पाने में असफल हो कर LivQuik के साथ विवाद उठा सकता है। ऐसा कोई भी विवाद भुगतान की तिथि से 30 दिनों की अवधि में उठाया जाना चाहिए।

- LivQuik खाताधारक तथा व्यवसाय के बीच इन विवादों में LivQuik एकल मध्यस्थ होगा। LivQuik के द्वारा शिकायत प्राप्त होने के 7 कार्य दिवसों के अंदर एक जांच-पड़ताल की जाएगी। क्विक वॉलेट खाताधारक से आपके विवाद की वैधता पर निर्णय देने के लिए, जैसा LivQuik को उपयुक्त लगेगा, उसके अनुसार और अधिक जानकारी प्रस्तुत करने को कहा जा सकता है।

- अगर विवाद वैध पाया जाता है, भुगतान के लिए चार्ज की गई राशि को व्यवसाय से रीफण्ड किया जाएगा तथा7 से 10 कार्य दिवसों के अंदर वापस सोर्स में जमा कर दिया जाएगा। परंतु, यदि विवाद का निर्णय व्यवसाय के पक्ष में होगा, तब आपका भुगतान आपके क्विक वॉलेट खाते में रीफण्ड नहीं किया जाएगा।

- अगर आपका विवाद एक या अधिक क्विक वॉलेट इस्तेमाल करने वालों से या क्विक वॉलेट सहभागी व्यवसायों से है, तब LivQuik ऐसे किसी भी विवाद के लिए उत्तरदाई नहीं है और आप इसके द्वारा कंपनी (और हमारे अधिकारियों, निदेशकों, एजेंटों, संयुक्त उद्यमों तथा कर्मचारियों) को ऐसे विवादों के कारण उठाने वाले अथवा किसी भी प्रकार सम्बद्ध किसी भी और सभी प्रकार और प्रकृति के दावों, मांगों और क्षति (वास्तविक तथा परिणामस्वरूप), से मुक्त करते हैं।

- आप स्वीकार करते हैं कि यह समझौता आपके तथा LivQuik के बीच है, न कि किसी तृतीय पक्ष (जिसमें Apple®, Google®, कोई अन्य मोबाइल कैरियर, या कोई अन्य व्यवसाय (जैसा ऊपर परिभाषित है) शामिल हैं मगर इन्हीं तक सीमित नहीं) के साथ, और यह कि ट्रेन्सैक्शन प्रक्रमण सेवाओं के लिए अकेले कंपनी ही उत्तरदाई है। आपके द्वारा अन्य सेवाओं का उपयोग उन अलग-अलग समझौतों के अधीन हो सकता है जो आप मोबाइल डिवाइस सिस्टम प्रोवाइडर (जैसे कि एप्पल, गूगल या Microsoft®), आपके मोबाइल डिवाइस निर्माता (जैसे कि एप्पल, Samsung®), अपने मोबाइल सेवा कैरियर (जैसे कि एयरटेल अथवा Vodafone®) या मोबाइल डिवाइस में सेवा उपलब्ध कराने वाली अन्य पार्टियों के साथ कर सकते हैं। व्यवसाय, जैसा कि ऊपर परिभाषित किया है, तृतीय पक्ष ऑपरेटिंग सिस्टम प्रोवाइडर जैसे कि एप्पल, गूगल, तथा माइक्रोसॉफ्ट, आपके फ़ोन या अन्य मोबाइल डिवाइस निर्माता, आपका वायरलेस कैरियर या अन्य नेटवर्क प्रोवाइडर, कोई भी अन्य उत्पाद या सेवा प्रोवाइडर जो आपकी मोबाइल डिवाइस सेवा सम्बद्ध हो सामूहिक रूप से, "कवर किए गए तृतीय पक्ष" के रूप में संदर्भित है। जब आप तृतीय पक्ष सेवाओं का इस्तेमाल करेंगे तब अनुबंध की सभी तृतीय पक्ष शर्तों का पालन करने के लिए सहमति देते हैं। कंपनी उन समझौतों में पक्षकार नहीं है और तृतीय पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाओं के लिए उसका कोई उत्तरदायित्व नहीं है।

- कृपया नोट करें कि LivQuik ने अपना अप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस ("एपीआई) ओपन किया है, अतः आप ऐसी सेवा का उपयोग करते समय तृतीय पक्षों के साथ समझौतों के अधीन हो सकते हैं जिनका निर्माण LivQuik द्वारा नहीं किया गया है। आपके द्वारा इन तृतीय पक्षों की सेवाओं के उपयोग के लिए LivQuik की कोई देयता अथवा उत्तरदायित्व नहीं है।

10. क्विक वॉलेट धारकों के दायित्व तथा अनुबंध

- क्विक वॉलेट खाताधारक सभी ट्रैन्सैक्शन्स तथा उनसे सम्बद्ध शुल्कों के लिए उत्तरदाई होंगे।
- क्विक वॉलेट खाताधारक स्वीकार करता है कि उसके अनुरोध तथा जोखिम पर LivQuik उसे क्विक वॉलेट उपलब्ध कराने के लिए सहमत हुआ है तथा उसके क्विक वॉलेट इस्तेमाल द्वारा रिकॉर्ड किए गए सभी ट्रैन्सैक्शन्स पूरा उत्तरदायित्व स्वीकार करता है।
- क्विक वॉलेट द्वारा दिया गया कोई भी निर्देश अखंडनीय होगा।
- क्विक वॉलेट खाता धारक, सभी परिस्थितियों में, क्विक वॉलेट के इस्तेमाल का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वीकार करता है, चाहे उसको, उसकी जानकारी या व्यक्त अथवा अंतर्निहित अधिकार में प्रसंस्कृत हो अथवा नहीं।
- क्विक वॉलेट खाताधारक अखंडनीय रूप से, अपने क्विक वॉलेट खाते में क्विक वॉलेट द्वारा किए गए ट्रैन्सैक्शन्स के लिए इस्तेमाल की गई राशियों को डेबिट करने के लिए LivQuik को अधिकृत करता है।
- क्विक वॉलेट खाताधारक को चाहिए कि LivQuik को ट्रैन्सैक्शन्स के आधार पर सद्भावनापूर्ण एवं व्यापार के सामान्य संचालन में किए गए कृत्यों के लिए इंडेमनीफाइड तथा क्षति रहित रखे।
- ट्रैन्सैक्शन्स के सम्पादन के लिए LivQuik अपनी पूरी कोशिश करेगा मगर किसी भी कारण से, जिसमें देरी होना या ट्रैन्सैक्शन संपादित नहीं कर पाना या किसी निर्देश का पालन नहीं कर पाना शामिल है, उसका न तो क्विक वॉलेट खाताधारक के प्रति और न ही किसी अन्य व्यक्ति के प्रति कोई उत्तरदायित्व होगा।
- आपके द्वारा क्विक वॉलेट पर संपादित ट्रैन्सैक्शन के लिए किसी भी समय शुल्क/प्रभार चार्ज करने का अधिकार LivQuik रखता है। लागू शुल्क एवं प्रभार का विवरण LivQuik से प्राप्त किया जा सकता है जो कि समय-समय पर परिवर्तन के अधीन है।

- क्विक वॉलेट के परिणामस्वरूप कोई भी सरकारी शुल्क, या डेबिट, या देय टैक्स क्विक वॉलेट खाताधारक का उत्तरदायित्व होगा।
- देय और भुगतान योग्य राशि का भुगतान यदि क्विक वॉलेट खाताधारक द्वारा अलग से नहीं किया जाता है, तब उसे LivQuik द्वारा उपलब्ध राशि में से वसूल कर लिया जाएगा।
- अपने एकल विवेक से, क्विक वॉलेट खाताधारक को नोटिस दिए बिना, LivQuik द्वारा क्विक वॉलेट को वापस लिया या निलंबित किया जा सकता है या उसके किन्हीं भी फीचर्स में परिवर्तन किया जा सकता है।
- खाताधारक को ऐसा कोई ट्रैन्सैक्शन संपादित नहीं करने देना LivQuik के विवेकाधीन होगा, जहां उसके पास यह विश्वास करने का कारण होगा कि क्विक वॉलेट का इस्तेमाल अधिकृत नहीं है अथवा वह ट्रैन्सैक्शन असली नहीं लगता होगा अथवा ऐसा हो जिससे संदेह होता होगा।

- LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, अपने एकल विवेक से, किसी भी समय, बिना कोई नोटिस दिए या उसके लिए कारण बताए, अस्थाई अथवा स्थाई रूप से इंस्ट्रूमेंट पर विशेषाधिकार वापस लेने का तथा / अथवा इंस्ट्रूमेंट रद्द करने अधिकार रखती है। अस्थाई वापसी के मामले में, LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उचित समझे जाने पर विशेषाधिकार पुनर्स्थापित किए जा सकते हैं। हालांकि, यह बिल्कुल स्पष्ट किया जाता है कि वापस लेने (अस्थाई अथवा स्थाई) का अर्थ होगा स्वतः इन्स्ट्रूमेंट्स से सम्बद्ध सभी परिचर लाभों, विशेषाधिकारों, तथा सेवाओंकी वापसी। परंतु, खाताधारक ऐसी वापसी से पहले खर्च किए गए शुल्कों और साथ ही लागू सभी शुल्कों के लिए

पूर्णतया उत्तरदाई बना रहेगा, बशर्ते LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अन्यथा निर्दिष्ट न किया गया हो।

- आपके द्वारा रखे गए खाते के बैलेंस LivQuik द्वारा एक एस्क्रो खाते में रखे जाते हैं। इन फंडस का इस्तेमाल ऑपरेटिंग खर्चों या किसी अन्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए नहीं किया जाता है, और दीवालिया होने की स्थिति तक में ये हमारे ऋणदाताओं नहीं उपलब्ध कराए जाते हैं। जबकि आपके फंडस हमारी अभिरक्षा में होते हैं, LivQuik आपके फंडस को दूसरे उपयोगकर्त्ताओं के फंडस के साथ मिला देता है और इस प्रकार एकत्रित खातों को कंपनी के नाम से एक एस्क्रो खाते में रखता है।

- LivQuik खाते को केवल व्यवसायों के साथ या अंतरण प्राप्तकर्त्ताओं के साथ फंड्स सेटल करने के लिए संचालित कर सकता है।

- LivQuik कोई बैंक नहीं है। ट्रैन्सैक्शन्स के प्रक्रमण के संबंध में LivQuik द्वारा या उसके सेवा प्रोवाइडर्स द्वारा रखे गए फंडस यूज़र के लाभ के लिए डिपॉजिट इन्श्योरेन्स एंड क्रेडी गारंटी कॉर्पोरेशन (डीआईसीजीसी) या किसी अन्य सरकारी एजेंसी द्वारा बीमाकृत नहीं होते हैं।

- यह सुनिश्चित करता है कि यदि LivQuik द्वारा डिफॉल्ट किए जाने की स्थिति में ग्राहक उसके लिए बैंक द्वारा जैसा उचित समझा गया वैसा उचित सबूत दे कर बैंक से दावा कर सकते हैं।

11. विभिन्न प्रकार के ट्रैन्सैक्शन्स के लिए शुल्क

- क्विक वॉलेट खाता धारकों से उनके द्वारा क्विक वॉलेट पर किए गए ट्रैन्सैक्शन्स के लिए LivQuik कोई शुल्क नहीं लेता है, सिवा वॉलेट से बैंक ट्रांसफ़र प्रभार के, जिसका ठीक-ठीक विवरण, स्टोर किए गए मूल्य को ग्राहक के वॉलेट से बैंक को अंतरित प्रभावी करने से पहले मोबाइल अप्लीकेशन पर प्रदर्शित किया जाएगा। लागू शुल्क और प्रभार समय-समय पर परिवर्तन के अधीन हैं।
- क्विक वॉलेट के इस्तेमाल के परिणामस्वरूप किसी भी प्रकार के सरकारी चार्ज, या डेबिट, या देय टैक्स क्विक वॉलेट खाताधारक का उत्तरदायित्व होंगे।
- क्विक वॉलेट खाताधारक द्वारा देय और भुगतान योग्य राशियां, यदि अलग से भुगतान नहीं की गईं, तब LivQuik द्वारा उनकी वसूली उपलब्ध राशि में से कर ली जाएगी।
- GSTIN: 27AACCL3044Q1Z6

12. LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड

- LivQuik अपने एकल विवेक से, किसी भी समय, बिना कोई नोटिस दिए या उसके लिए कारण बताए, क्विक वॉलेट खाताधारक को नोटिस दिए बिना, क्विक वॉलेट को वापस ले सकता है या निलंबित कर सकता है या उसके किसी भी फीचर को संशोधित कर सकता है।
- यह LivQuik के विवेकाधीन है कि वह खाताधारक को ऐसा ट्रैन्सैक्शन न संपादित करने दे जहां उसके पास यह विश्वास करने का कारण हो कि क्विक वॉलेट का उपयोग अधिकृत नहीं है अथवा वह ट्रैन्सैक्शन असली नहीं लग रहा है या वह ऐसा है जिससे संदेह उत्पन्न होता है।
- LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, अपने एकल विवेक से, किसी भी समय, बिना कोई नोटिस दिए या उसके लिए कारण बताए, अस्थाई अथवा स्थाई रूप से इंस्ट्रूमेंट पर विशेषाधिकार वापस लेने का तथा / अथवा इंस्ट्रूमेंट रद्द करने अधिकार रखती है। अस्थाई वापसी के मामले में, LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उचित समझे जाने पर विशेषाधिकार पुनर्स्थापित किए जा सकते हैं। हालांकि, यह बिल्कुल स्पष्ट किया जाता है कि वापस लेने (अस्थाई अथवा स्थाई) का अर्थ होगा स्वतः इन्स्ट्रूमेंट्स से सम्बद्ध सभी परिचर लाभों, विशेषाधिकारों, तथा सेवाओंकी वापसी। परंतु, खाताधारक ऐसी वापसी से पहले खर्च किए गए शुल्कों और साथ ही लागू सभी शुल्कों के लिए

पूर्णतया उत्तरदाई बना रहेगा, बशर्ते LivQuik टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अन्यथा निर्दिष्ट न किया गया हो।

13.एस्क्रो खाता

- आपके द्वारा रखे गए खाते के बैलेंस LivQuik द्वारा एक एस्क्रो खाते में रखे जाते हैं। इन फंडस का इस्तेमाल ऑपरेटिंग खर्चों या किसी अन्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए नहीं किया जाता है, और दीवालिया होनी स्थिति तक में ये हमारे ऋणदाताओं नहीं उपलब्ध कराए जाते हैं। जबकि आपके फंडस हमारी अभिरक्षा में होते हैं, LivQuik आपके फंडस को दूसरे उपयोगकर्त्ताओं के फंडस के साथ मिला देता है और इस प्रकार एकत्रित खातों को कंपनी के नाम से एक एस्क्रो खाते में रखता
- LivQuik खाते को केवल व्यवसायों के साथ या अंतरण प्राप्तकर्त्ताओं के साथ फंड्स सेटल करने के लिए संचालित कर सकता है।
- LivQuik कोई बैंक नहीं है। ट्रैन्सैक्शन्स के प्रक्रमण के संबंध में LivQuik द्वारा या उसके सेवा प्रोवाइडर्स द्वारा रखे गए फंडस यूज़र के लाभ के लिए डिपॉजिट इन्श्योरेन्स एंड क्रेडी गारंटी कॉर्पोरेशन (डीआईसीजीसी) या किसी अन्य सरकारी एजेंसी द्वारा बीमाकृत नहीं होते हैं।
- यह सुनिश्चित करता है कि यदि LivQuik द्वारा डिफॉल्ट किए जाने की स्थिति में ग्राहक उसके लिए बैंक द्वारा जैसा उचित समझा गया वैसा उचित सबूत दे कर बैंक से दावा कर सकते हैं।

14.शासी कानून तथा क्षेत्राधिकार

ये नियम तथा शर्तें तथा / अथवा ट्रैन्सैक्शन्स भारतीय कानून द्वारा शासित होंगे तथा किसी भी दावे या क्विक वॉलेट के इस्तेमाल से उठने वाले मामले में मुंबई के सभी न्यायालयों का अनन्य क्षेत्राधिकार होगा।

सेवा की शर्तें

यह LIVQUIK यूज़र समझौता ("समझौता") आपके ("आप" अथवा "यूज़र") तथा लिवकिक टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक अनुबंध है । यह समझौता आपके द्वारा LivQuik के मोबाइल भुगतान तथा डिजिटल वॉलेट अप्लीकेशन तथा अन्य सभी सम्बद्ध सेवाओं (सामूहिक रूप से "क्विक वॉलेट") के इस्तेमाल को शासित करता है। क्विक वॉलेट का इस्तेमाल करने के लिए आपको इस करार के सभी नियमों और शर्तों के साथ सहमत होना चाहिए, और उन्हें स्वीकार करना चाहिए; तथा "रजिस्टर" बटन दबा कर इस करार से अपनी सहमति व्यक्त करनी होगी। आपके द्वारा क्विक वॉलेट का इस्तेमाल आपके द्वारा इस समझौते की स्वीकृति भी संप्रेषित करता है, जैसा कि इसे समय-समय पर संशोधित किया जाता रहेगा। इसलिए जब आप इस समझौते को स्वीकार करते हैं, तब आप LivQuik की गोपनीयता नीति तथा ई-साइन नीति को भी स्वीकार करते हैं। इस समझौते में "आप" तथा "यूज़र" टर्म्स का इस्तेमाल विनिमेयता के अनुसार किया गया है तथा टर्म "क्विक वॉलेट" में "अप्लीकेशन" शामिल है।

LivQuik इस समझौते तथा गोपनीयता नीति को, तथा क्विक वॉलेट से संबंधित किसी भी लागू हो सकने योग्य समझौते अथवा नीतियों को किसी भी समय अपने एकल तथा सम्पूर्ण विवेकाधिकार से LivQuik की वेबसाइट पर संशोधन पोस्ट कर संशोधित करने का अधिकार रखता है। Quik की वेबसाइट पर किसी संशोधन के पोस्ट होने के बाद आपके द्वारा क्विक वॉलेट का उपयोग आपके द्वारा संशोधन की स्वीकृति मानी जाएगी। नियमित रूप से गोपनीयता नीति सहित, इस समझौते के अपडेट्स पाने के लिए Quik की वेबसाइट पर विज़िट करना आपका उत्तरदायित्व है। आप सदैव ही इस करार का सबसे हाल का, अपडेट किया हुआ संस्करण LivQuik's वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं।